THE INDIAN EXPRESS 30/12/2016

# In city battling pollution, registration of vehicles up, 97 lakh at last count

EXPRESS NEWS SERVICE
NEW DELHI, DECEMBER 29

EVEN AS the national capital continues to grapple with high levels of pollution, the city has seen a nine per cent jump in the number of registered motor vehicles.

The city, now, has over 97 lakh registered motor vehicles. The data further reveals that for this time in the last three years, the capital has recorded a 17.8 per cent increase in deaths caused due to respiratory diseases.

According to the latest data of the Delhi statistical handbook 2016, motorbikes and scooters top the list of registered motor vehicles in the city. In 2015-16, Delhi saw over 61 lakh motorbikes and scooters on its roads. That's a 7.44 per cent increase as compared to the previous year, when the number stood at over 56 lakh motorbikes and scooters.

In 2015, the capital saw 6,502 deaths caused due to respiratory disorder. During the period from 2012-2014, the city had seen a decrease in deaths due respiratory diseases. However, in 2015, it has a 17.8 per cent increase in deaths and the number stood at 6,502 as compared to 7,513 of the previous year.

Correspondingly, diesel, which has been the major contributor to the increase in vehicular pollution, has seen a 18.83 per cent increase in consumption. In 2015, the city consumed 1,50,8000 million tons of diesel. Petrol, also saw an increase of 8.54 per cent in consumption compared to the previous year.

In 2015, petrol consumption stood 9,02,000 million tons of consumption. The city has also seen a drop in the number of rainy days. In 2015, Delhi received 36 days of rainfall as compared to 38 days in the previous year.

## FIGURING THE CITY

### VEHICLE REGISTRATION

| Year | Vehicles | Change |
|---|---|---|
| 2015 | 97,04,741 | 9.93% increase |
| 2014 | 88,27,431 | 6.44% increase |
| 2013 | 82,93,167 | 9.93% increase |
| 2012 | 77,74,403 | – |

### DEATHS DUE TO RESPIRATORY DISEASES

| Year | Deaths | Change |
|---|---|---|
| 2015 | 6,502 | 17.8 % increase |
| 2014 | 5,516 | 7.851% decrease |
| 2013 | 5,986 | 20.32% decrease |
| 2012 | 7,513 | - |

### PETROL CONSUMPTION

| Year | Consumption | Change |
|---|---|---|
| 2015 | 902 | 8.54% increase |
| 2014 | 831 | 4.26 % increase |
| 2013 | 797 | 1.27% increase |
| 2012 | 787 | – |

### DIESEL CONSUMPTION

| Year | Consumption | Change |
|---|---|---|
| 2015 | 1,508 | 18.83% increase |
| 2014 | 1,269 | 14.79% increase |
| 2013 | 1,129 | 9.71% increase |
| 2012 | 1,029 | – |

## Air quality improving in the city, says govt

The Delhi government said on Thursday that the air quality in the city was showing improvement despite adverse weather conditions.

Environment Minister Imran Hussain held a meeting with officials of the Environment Department and the Delhi Pollution Control Committee. Environment Department officials said that the analysis of Particulate Matter over the past month shows that levels of PM 10 and PM 2.5 are decreasing and air quality is improving."

"Air quality in Delhi, especially during the winter, is influenced by multiple meteorological factors such as wind speed, wind direction, humidity and solar index. Fog and smog are two separate environmental phenomenon(s). The present scenario of weather in the city is primarily due to fog," a statement issued by the government said. The government had called for stringent imposition of anti-pollution measures, such as vacuum cleaning of roads, sprinkling of water, and checking pollution certificates of all vehicles in Anand Vihar and Punjabi Bagh where pollution has been on the rise.

SHIFTING GOALPOSTS AND LITIGATION TROUBLE PARENTS DURING NURSERY ADMISSIONS

P04

# ar thefts a day

## CRIME DOWN, BUT SLIGHTLY

Molestation and robbery cases went down marginally, motor vehicle thefts shot up, total number of cases registered increased, says Delhi Police data

### RAPE

Rape is punishable with a minimum sentence of 7 years and a maximum of life in prison

| Year | Cases |
|---|---|
| 2015 | 2,069 |
| 2016 | 2,029 |




**POLICE STATIONS WHERE MAXIMUM RAPE CASES WERE REGISTERED** (TILL DECEMBER 11)

| # | Police station | Cases |
|---|---|---|
| 1 | Aman Vihar | 60 |
| 2 | Mehrauli | 48 |
| 3 | Shahbad Dairy | 41 |
| 4 | Khajuri Khas | 39 |
| 5 | Shakarpur | 36 |
| 6 | Begumpur | 35 |
| 7 | New Ashok Ngr | 34 |
| 8 | Mangolpuri | 33 |
| 9 | Nihal Vihar | 33 |
| 10 | Govindpuri | 30 |

**ANALYSIS OF RAPE CASES** (TILL NOVEMBER 30)

1,981 Total cases
- 816 (41.2%) Minors
- 1,165 (58.8%) Adults

173 Elopement cases
- 150 (86.7%) Minors
- 23 (13.3%) Adults

**How victims were trapped**
- 508 (25.64%) On the pretext of marriage
- 40 (2.02%) On the pretext of providing job
- 72.34% Other reasons

**Accused-victim relationship**
- 44 Blood relatives
- 189 Other relatives
- 74 Strangers
- 1,674 Acquaintance

### MOLESTATION

| Year | Cases |
|---|---|
| 2015 | 5,328 |
| 2016 | 4,005 |

**INSULT TO THE MODESTY OF WOMEN**

| Year | Cases |
|---|---|
| 2015 | 1,418 |
| 2016 | 881 |

### VEHICLE THEFT

| Year | Cases |
|---|---|
| 2015 | 30,857 |
| 2016 | 36,137 |

| Type | Number |
|---|---|
| 2 wheelers | 26,545 (73.45%) |
| Cars | 7,728 (21.38%) |
| Others | 1,864 (5.15%) |

### MURDERS

| Year | Cases |
|---|---|
| 2015 | 7,141 |
| 2016 | 4,538 |

760 persons arrested for murder

### SNATCHING

| Year | Cases |
|---|---|
| 2015 | 9,422 |
| 2016 | 9,094 |

### ROBBERIES

| Year | Cases |
|---|---|
| 2015 | 7,141 |
| 2016 | 4,538 |

4,510 persons arrested

**BOOKED FOR CONSUMING LIQUOR IN A PUBLIC PLACE 17,192**

Fine for consuming alcohol in public is ₹5,000 and/or three months in jail under Excise Act

THE HINDU. 30/12/2016.

As per the Delhi Statistical Handbook, released by Deputy Chief Minister Manish Sisodia on Thursday, per capita income of the city is over three times the national average

# Delhi ahead of the rest in per capita income

STAFF REPORTER

**NEW DELHI:** Delhi registered the highest per capita income among all States and Union Territories during 2015-16. As per the Delhi Statistical Handbook 2016, released by Deputy Chief Minister Manish Sisodia on Thursday, the per capita income of the city is Rs. 2,80,142, over three times the national average.

The per capita income at the national level has been found to be Rs. 93,293.

### Tough fight

Delhi is trailed by neighbouring Chandigarh, with a per capita income of Rs. 2,42,386, while Sikkim occupied the third spot with Rs. 2,27,465. "Delhi's current figure is an increase of over Rs. 28,000, or 13 per cent, compared to the previous year when it was 2,52,011," said Mr. Sisodia.

## CAPITAL IN NUMBERS

THE DELHI STATISTICAL HANDBOOK 2016 GIVES THE CITY REASONS TO CHEER IN THE NEW YEAR

**Total vehicles:** 97.04 LAKH*
Up by 8.77 lakh
*Figures for 2015-16


**CARS** 29.87 LAKH*
Up by 1.96 lakh

**TWO-WHEELERS** 61.04 LAKH*
Up by 4.23 lakh

**AUTO-RICKSHAWS** 61.04 LAKH*
Up by 1.16 lakh


**TAXIS** 91,073
Up by 11,467


**BUSES** (including ambulances) 43,723
Up by 11,183


























Total telephone numbers
**2015** 4,93,28,987 **2016** 5,10,37,816

**HEALTH**
As on December 31, 2015, there were 716 allopathy, 261 Unani and 164 Ayurvedic hospitals and dispensaries

## More children in schools

STAFF REPORTER

**NEW DELHI:** According to the Delhi Statistical Handbook 2016, the number of students enrolled in the city schools up to the senior secondary school level increased to 44.31 lakh in 2015-16 compared to 44.13 lakh in 2014-15.

### Majority boys

Of the total number of students in 2015-16, 23.56 lakh were boys. In 2014-15, of the total number of enrolled students up to the senior secondary school level, 23.52 lakh were boys and 20.60 lakh were girls. The total number of schools in 2013-14 and 2014-15 were 5,453 and 5,798, respectively, and in 2015-16, the figure went down to 5,796.

## And the phones never stopped ringing...

STAFF REPORTER

**NEW DELHI:** The Capital has over 4 crore mobile phones, which translates into more than two such handheld devices for each registered citizen when compared to its human population, as per official data released by the Delhi government.

"The number of mobile phones in Delhi as in December 2015 was 4.79 crore compared to 4.54 crore in December 2014," posits the Delhi Statistical Handbook 2016 released by Deputy Chief Minister Manish Sisodia on Thursday.

As per the 2011 census, Delhi has a population of nearly 1.7 crore.

### Going hi-tech

Besides these, the number of landline subscribers registered a meagre increase from 31.23 lakh in December 2014 to 31.57 lakh in December 2015.

The 'total telephones' head has a count of 5,10,37,816 in the handbook.

## Power use down, connections up

STAFF REPORTER

**NEW DELHI:** The Capital saw the number of electricity consumers increase in the last financial year, while the amount of power consumed went down.

According to the handbook, the total number of power consumers went up by over 2 lakh, from 50.44 lakh in 2014-2015 to 52.63 lakh in 2015-2016. Of these connections, 42.89 lakh were domestic, 8.71 lakh were commercial and 52,308 were industrial.

## Over 6,000 died of respiratory diseases

STAFF REPORTER

**NEW DELHI:** As per the figures given in the handbook, 6,502 people in the city died due to respiratory diseases in 2015-16.

The number of deaths increased from 1,21,286 in 2014-15 to 1,24,516 in 2015-16.

The number of hospitals and dispensaries (allopathy) in Delhi till last year was 716, said the handbook.

> 1.74 lakh girls got financial benefits under the Ladli scheme during 2015-16, said the handbook

### Good news

The number of beneficiaries of the old-age pension scheme increased to 4.08 lakh in 2015-16 from 3.31 lakh in 2014-15.

Also, 1.74 lakh girls got financial benefits under the Ladli scheme during 2015-16, the handbook said.

In 2014-15, the figure was 1.85 lakh.

## Fewer water connections

STAFF REPORTER

**NEW DELHI:** The pace of growth of water connections in Delhi slowed down in the last financial year, with about 86,000 new connections being added from 2014-2015 to 2015-2016.

The Delhi Statistical Handbook 2016, which was released on Thursday, showed that the number of metered connections in the Capital was 19.49 lakh in 2015-2016, just 86,397 more from 2014-2015's 18.62 lakh connections.

In the previous financial years, the growth of metered connections was much higher. In 2014-2015, the number of metered water connections increased by 2.60 lakh from 16.02 lakh in 2013-2014 to 18.62 lakh.

### Hanging fire

One of the promises of the Aam Aadmi Party government after it came to power in February 2015 was to bring the whole city under the ambit of its piped water network. While the Delhi Jal Board has been expanding pipelines in colonies, the number of connections has not increased at the same pace.

हिन्दुस्तान 30.12.2016

# तरक्की : दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय 13 फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

राजधानी में हर दिन प्रदूषण और जाम झेल रहे लोगों के लिए यह खबर सुकून भरी हो सकती है। दिल्लीवालों की प्रति व्यक्ति आय में करीब 13 फीसदी का इजाफा हुआ है। वर्ष 2016 की सांख्यिकी रिपोर्ट में दिल्ली में बदलाव के आंकड़े यह बताते हैं।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार को यह रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में बताया है कि दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 2015-16 में 2,80142 रुपये तक पहुंची है। जबकि यह आय बीते वर्ष 2,52011 रुपये थी। इस तरह प्रति व्यक्ति आय में 28131 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। जबकि देश में प्रति व्यक्ति आय का स्तर 93,293 रुपये है जो 2015-16 की रिपोर्ट में दर्ज किया जा चुका है।

रिपोर्ट के अनुसार, निजी गाड़ियों की संख्या में भी करीब डेढ़ गुना तेजी से इजाफा हुआ है। ऑटो की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। इसकी वजह से दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन की गाड़ियों में कमी होना है। सरकार की इस रिपोर्ट में करीब 23 हिस्सों में बांटा गया है। इसमें स्कूल, स्वास्थ्य, बिजली- पानी समेत अन्य क्षेत्र शामिल है।

बसें घटीं पेज 03



### मोबाइल व लैंडलाइन वालों की तादात बढ़ी

मोबाइल

| 2015 | 2014 |
|---|---|
| 4.79 करोड़ | 4.54 करोड़ |

लैंडलाइन फोन

| 2014 | 2015 |
|---|---|
| 31.23 लाख | 31.57 लाख |

### बिजली कनेक्शन बढ़े पर खपत कम हो गई

| वर्ष | कनेक्शन (लाख में) |
|---|---|
| 2014-15 | 50.44 |
| 2015-16 | 52.63 |

खपत

| | |
|---|---|
| 2014-15 | 24037 |
| 2015-16 | 24477 |

### पानी की खपत - कनेक्शन

पानी की खपत

| वर्ष | संख्या |
|---|---|
| 2014-15 | 14085 |
| 2015-16 | 14914 |

पानी के कनेक्शन

| | |
|---|---|
| 2014-15 | 50.44 |
| 2015-16 | 52.63 |

### अस्पतालों की स्थिति

1131 स्थानों पर स्वास्थ्य सेवाएं है

48131 बिस्तरों की क्षमता है

225 बाल केयर सेंटर

716 एलोपैथी, 261 आर्युवैदिक और 164 होम्योपैथी डिस्पेंसरी

### स्कूलों में बढ़ गए बच्चे

| वर्ष | स्कूल | बच्चे (लाख) |
|---|---|---|
| 2015-16 | 5796 | 44.31 |
| 2014-15 | 5796 | 44.13 |

**44.31** लाख बच्चों में 23-56 लाख सिनियर सैकेंडरी स्कूलों के बच्चे हैं।

**23.56** लाख लड़के और 20.75 लाख लड़कियां शामिल हैं।

30.12.2016

हिन्दुस्तान

# ऑटो और कारें बढ़ीं, बसें घटीं

## सांख्यिकी रिपोर्ट

नई दिल्ली | पंकज रोहिला

### 400 बसों की कमी ने बिगाड़ा सार्वजनिक परिवहन का खेल

एक साल के आंकड़े बताते हैं कि डीटीसी की बसों के बेड़े में 400 बसों की कमी आई है। बीते वर्ष दिल्ली में बसों की संख्या 4705 थी जो इस वर्ष घटकर 4352 रह गई है। इन बसों में 1276 वातानुकूलित बसें हैं, जबकि अन्य हरी बसें और सामान्य पुरानी वाली बसें हैं। पुरानी बसों की आयु सीमा इस साल के अंत तक खत्म हो जाएगी। इस समय दिल्ली में पुरानी बसों में 570 बसें ही शेष बची हैं। इनका सबसे अधिक इस्तेमाल बाहरी दिल्ली और ग्रामीण इलाकों के लिए परिवहन सेवाओं के लिए होता है।

वर्ष 2015 में डीटीसी ने दिल्लीवालों को निराश किया है। राजधानी की सड़कों से डीटीसी बसों की संख्या घटी है, जबकि ऑटो और कार बढ़े हैं। इस वर्ष दिल्ली में एक लाख से अधिक ऑटो की संख्या में इजाफा हुआ है।

दिल्ली सांख्यिकी रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में पंजीकृत ऑटो की संख्या बीते वर्ष केवल 81633 थी जो 2016 में बढ़कर सीधे 198137 तक पहुंच गई है। इस संख्या में 116504 ऑटो का इजाफा हुआ है। दूसरी ओर, दिल्ली में एकाएक कारों का इस्तेमाल भी बढ़ा है। आंकड़ों पर गौर करें तो कार और जीप की श्रेणी में इस वर्ष 2987579 वाहन हैं जो बीते वर्ष 279056 तक थी।

**दोपहिया वाहनों की संख्या भी बढ़ी:** इसी प्रकार दोपहिया वाहनों की संख्या बढ़कर इस वर्ष 6104070 हो गई। पहले यह 56811265 थी। इस श्रेणी में करीब 5 लाख का इजाफा दर्ज किया गया है। विशेषज्ञ इसकी वजह दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन में लगातार आई कमी को मान रहे हैं। लोगों ने वक्त पर परिवहन सेवाएं प्राप्त करने के लिए निजी वाहनों की ओर रुख किया है।

**डीटीसी के यात्री घटे:** पहले डीटीसी की बसों से प्रतिदिन 38.87 लाख यात्री सफर करते थे अब केवल 35.37 सफर कर पा रहे हैं।

# अधिक समृद्ध हुई दिल्ली

## दिल्ली में पंजीकृत वाहनों की संख्या 97 लाख के पार

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली :** राजधानी में प्रदूषण व ट्रैफिक जाम की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है और इसी रफ्तार से वाहनों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है। बृहस्पतिवार को दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अर्थ व सांख्यकीय निदेशालय द्वारा तैयार रिपोर्ट जारी किया। यह रिपोर्ट बताती है कि दिल्ली समृद्ध हो रही है, प्रति व्यक्ति आय में इजाफा हुआ है। लोग मनमाफिक वाहन खरीद रहे हैं। शिक्षा में सुधार हुआ है, बिजली-पानी को लेकर अफरातफरी का माहौल नहीं रहा।

इस रिपोर्ट में दिए गए आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2015-16 में अभी तक सर्वाधिक 8.77 लाख नए वाहनों का पंजीकरण हुआ है। जबकि इससे पहले वर्ष 2014-15 में 5.34 लाख वाहनों का पंजीकरण हुआ था। इस लिहाज से दिल्ली में कुल पंजीकृत वाहनों की संख्या 97 लाख को पार कर गया है। जिनमें चार पहिया वाहनों की संख्या 29.87 लाख तथा दो पहिया वाहनों की संख्या 61.04 लाख है। परिवहन मंत्री सत्येंद्र जैन के अनुसार लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाली 1284 किलोमीटर सड़कों में से 50 फीसद सड़कों के बाईं ओर बस लेन चिह्नित करने का काम पूरा हो गया है। 1 जनवरी से इसी बस लेन में डीटीसी की बसें तथा अन्य मालवाहक वाहन चलेंगी। डीटीसी की कुल 4352 बसों में रोज औसतन 35.37 लाख लोग सफर करते है।

**प्रति व्यक्ति आय में 28,131 रुपये का इजाफा :** दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय में 28,131 रुपये का इजाफा हुआ है। दिल्ली सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2015-16 में प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 2,80,142 लाख रुपये है। जोकि वर्ष 2014-15 के मुकाबले 28,131 अधिक है। राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2015-16 प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 93,293 रुपये है।

**2.19 लाख बिजली उपभोक्ता बढ़े :** बिजली उपभोक्ताओं की संख्या में 2.19 लाख का इजाफा हुआ है। वर्ष 2014-15 50.44 लाख उपभोक्ता थे, जबकि वर्ष 2015-16 में यह संख्या 52.63 लाख हो गई। इनमें 42.89 लाख घरेलू, 8.71 लाख कॉमर्शियल तथा 52,308 इंडस्ट्री चलाने के लिए कनेक्शन लेने वाले शामिल है। इसके बावजूद वर्ष 2014-15 के मुकाबले वर्ष 2015-16 में 440 मिलियन यूनिट कम बिजली खपत हुई है। 2014-15 में कुल 24477 मिलियन यूनिट बिजली की खपत हुई थी। जबकि वर्ष 2015-16 में 24037 मिलियन यूनिट बिजली की खपत हुई है।


29.87 लाख कार व जीपें


61.04 लाख बाइक स्कूटर


81,633 ऑटो रिक्शा



79,606 टैक्सियां


19,729 बसें

अन्य यात्री वाहन : 11,284, ट्रैक्टर्स : 1637, मालवाहक वाहन : 160156, अन्य : 28

| सांख्यिकी रिपोर्ट | |
|---|---|
| वर्ष 2015-16 में वृद्धा पेंशन धारकों की संख्या | 4.08 लाख |
| वर्ष 2015-16 में लाडली योजना के तहत लाभार्थी लड़कियों की संख्या | 1.74 लाख |
| वर्ष 2015-16 में आर्थिक सहायता प्राप्त दिव्यांग बेरोजगार | 65070 |

### आबादी पौने दो करोड़, मोबाइल फोन 4.79 करोड़

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली :** पौने दो करोड़ की आबादी वाले दिल्ली शहर के लोग कुल 4.79 करोड़ मोबाइल फोन इस्तेमाल करते है। दिल्ली सरकार के अर्थ एवं सांख्यिकीय निदेशालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष दिसंबर 2014 तक कुल मोबाइल फोन की संख्या 4.54 करोड़ थी। वहीं दिसंबर 2015 तक कुल संख्या 4.79 करोड़ तक पहुंच गया। एक साल में 25 लाख नए मोबाइल फोन की संख्या बढ़ी है। वहीं लैंडलाइन फोन की संख्या में 24 हजार की बढ़ोतरी हुई है। दिसंबर 2014 तक दिल्ली में कुल लैंडलाइन फोन की संख्या 31.23 लाख था तो वहीं दिसंबर 2015 तक लैंडलाइन फोन की संख्या बढ़कर 31.57 लाख पहुंच गया। गत वर्ष जनवरी में 130 करोड़ आबादी वाले देश में मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वालों की संख्या 100 करोड़ को पार किया था।



## सुरक्षित यौन संबंधों के प्रति जागरूक हुए लोग

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली :** दिल्ली सुरक्षित यौन संबंधों के प्रति जागरूक हुई है। सुरक्षित यौन संबंधों और गर्भाधान से बचने के लिए कंडोम के इस्तेमाल में बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली सरकार के अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार पुरुषों में नसबंदी के मामलों में इजाफा हुआ है, जबकि महिलाओं में इसके मामले कम हो रहे हैं। कंडोम को लेकर झिझक दूर होने की वजह से जागरूकता बढ़ी है।

ओरल पिल्स के साइड इफेक्ट को देखते हुए महिलाएं अब इसका प्रयोग कम कर रही हैं। 2012 से लगातार ओरल पिल्स के इस्तेमाल में कमी आ रही है। वर्ष 2012-13 में 2,13,992 ओरल पिल्स का इस्तेमाल किया गया था, जो वर्ष 2013-14 में घटकर 2,07,872, वर्ष 2014-15 में 19,6,354, वर्ष 2015-16 में 18,5,499 रह गया। कंडोम के इस्तेमाल में इजाफा हुआ है। वर्ष 2013-14 में केवल 5373 ही रिकॉर्ड दर्ज किए गए थे, जो 2014-15 में 3990 रह गया। 2015-16 में यह आंकड़ा 5709 तक पहुंच गया है।

## सुविधाओं के साथ छात्रों की संख्या में इजाफा

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार के अर्थ व सांख्यिकी निदेशालय की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में शिक्षा के स्तर पर सुधार हुआ है। शैक्षणिक संस्थानों में सुविधाएं बढ़ने से छात्रों की संख्या में इजाफा हुआ है। उच्च शिक्षण संस्थानों में पिछले चार साल में लगभग सात लाख विद्यार्थी बढ़े हैं। केवल 2014-15 और 2015-16 के बीच का अंतर लगभग 4 लाख 90 हजार का है। 2014-15 में विद्यालय, कॉलेज एवं अन्य संस्थानों में छात्र-छात्राओं की संख्या 11,17,111 थी जो 2015-16 में बढकर 16,07,579 हो गई। हालांकि 2012-13 में छात्र-छात्राओं की संख्या 9,68,297 तथा 2013-14 में 10,73,576 रही। इस वर्ष तीन व्यावसायिक शिक्षा महाविद्यालय और एक विश्वविद्यालय बनाया गया। प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में सरकार के प्रयास से सुधार हुआ और छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी हुई।



शिक्षण संस्थानों में अध्यापकों की संख्या भी बढ़ी। पिछले सत्र के मुकाबले इस सत्र में 6600 शिक्षक बढ़े। विगत सत्र में यह संख्या 1,39480 और इस सत्र में 146093 है। 2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली में 86.2 फीसद जनसंख्या साक्षर है। शैक्षणिक संस्थानों में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है। राजधानी में जहां उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और माध्यमिक विद्यालय तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय की संख्या बढ़ी है, वहीं प्राथमिक विद्यालय और पूर्व प्राथमिक विद्यालयों की संख्या में कमी आई है।

**दिल्ली में शिक्षा के स्तर पर सुधार हुआ**

| संस्थाएं | 2014-15 | 2015-16 |
|---|---|---|
| उच्चतर माध्यमिक विद्यालय | 1674 | 1684 |
| माध्यमिक विद्यालय | 385 | 393 |
| उच्च प्राथमिक विद्यालय | 933 | 940 |
| प्राथमिक विद्यालय | 2766 | 2742 |
| पूर्व प्राथमिक विद्यालय | 40 | 37 |

**दो सत्र मे विद्यार्थियों की संख्या**

| संस्थाएं | सत्र 2014-15 | 2015-16 |
|---|---|---|
| पूर्व प्राथमिक विद्यालय | 208022 | 215675 |
| प्राथमिक विद्यालय | 1873419 | 1886974 |
| उच्च माध्यमिक विद्यालय | 1115553 | 1120036 |
| माध्यमिक विद्यालय | 652143 | 691681 |
| उच्चतर माध्यमिक विद्यालय | 4413017 | 4430836 |

## स्वास्थ्य सुविधाओं में नहीं हुआ खास सुधार

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली :** राजधानी में स्वास्थ्य सुविधा में खास सुधार नहीं हुआ। सांख्यिकी विभाग की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 में अस्पतालों में कुल 48,131 बेड उपलब्ध है। अर्थ व सांख्यिकीय निदेशालय के वर्ष 2014-15 के आंकड़ों पर गौर करें तो यहां के अस्पतालों में मार्च 2014 तक 48,096 बेड उपलब्ध थे। इस लिहाज से देखें तो वर्ष 2015 में अस्पतालों में खास बेड नहीं बढ़ पाए। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में 1113 एलोपैथिक चिकित्सा संस्थान हैं। इसमें 1046 निजी अस्पताल व नर्सिंग होम शामिल हैं। इसके अलावा आयुष चिकित्सा पद्धति के 11 अस्पताल हैं।



**20 हजार से ज्यादा बच्चे कुपोषित लेते हैं जन्म :** बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है पर बच्चों में कुपोषण अब भी बड़ी समस्या बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार जन्म के समय सामान्य (ढ़ाई किलोग्राम) से कम वजन वाले 20232 बच्चों की माताओं को स्तन पान कराने के लिए काउंसिलिंग की गई।

**बच्चों में प्रोटीन की कमी :** एक साल से कम उम्र के 4786 बच्चों में प्रोटीन की कमी पाई गई। वहीं एक से तीन साल की उम्र के 7855 बच्चों में प्रोटीन की कमी पाई गई। कुपोषण से पीड़ित 3355 बच्चों को वर्ष 2015 में इलाज किया गया।

## बढ़ रही है दिल्ली की प्यास

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली :** दिल्ली की आबादी बढ़ने के साथ ही पानी की मांग और खपत बढ़ रही है। अर्थ व सांख्यिकीय निदेशालय की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि राजधानी में पहले के मुकाबले पानी की खपत 829 लाख किलोलीटर बढ़ गई, जबकि प्रतिदिन प्रति व्यक्ति जलापूर्ति जस की तस है।

दिल्ली में जल बोर्ड के उपभोक्ताओं की संख्या व पानी के कनेक्शन बढ़े हैं। वर्ष 2014-15 में पानी के कुल 21,28,678 कनेक्शन थे। जिसमें 18,62,753 उपभोक्ताओं के घर पानी के कनेक्शन के साथ वाटर मीटर लगे हुए थे। इसके अलावा 2,65,925 उपभोक्ताओं के घर वाटर मीटर नहीं लगे थे। वर्ष 2015-16 में पानी के कनेक्शन बढ़कर 25,38,844 पहुंच गया जिसमें से 19,49,150 उपभोक्ताओं के घर वाटर मीटर लगे थे। वहीं 3,89,694 उपभोक्ताओं के घर मीटर नहीं लगे थे। वहीं 2014-15 में पानी की खपत 1,4,085 लाख किलोलीटर थी। वर्ष 2015-16 में यह खपत बढ़कर 1,4,914 लाख किलोलीटर पहुंच गया। इससे स्पष्ट है कि दिल्ली में पानी की मांग और खपत बढ़ती जा रही है। यहां प्रति व्यक्ति पानी की खपत 48 गैलन है। जल बोर्ड के पास 905 एमजीडी [illegible] उपलब्ध है पर रोज 850 एमजीडी आपूर्ति करता है।

## अवैध दोहन व बर्बादी से गड़बड़ाया पानी का गणित

**रणविजय सिंह, नई दिल्ली**

- जल बोर्ड के पास उपलब्ध पानी के 45 फीसद हिस्से का ही हिसाब
- 55 फीसद पानी कहां जा रहा, इसका कोई आकलन नहीं




राजधानी में पेयजल किल्लत की बात अक्सर सामने आती है। गर्मियों में पानी के लिए लोग मारपीट पर भी उतारू हो जाते हैं। यह समस्या इसलिए सामने आती है क्योंकि दिल्ली में उपलब्ध पानी का सही इस्तेमाल नहीं हो पाता। स्थिति यह है कि जल बोर्ड के पास उपलब्ध पानी के 45 फीसद हिस्से का ही हिसाब-किताब है। शेष 55 फीसद पानी कहां जाता है उसका हिसाब जल बोर्ड के पास नहीं है। असल में उपलब्ध पानी के अवैध दोहन व बर्बादी ने दिल्ली में पानी का गणित बिगाड़ दिया है। इस वजह से जल बोर्ड को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। वहीं, उपलब्ध पानी का भरपूर व सही इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है।

जल बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उपलब्ध पानी का 45 फीसद पानी बिल के दायरे में है। वह भी तब जब जल बोर्ड 92 फीसद उपभोक्ता के पानी का बिल तैयार करने लगा है। इसमें 12 लाख वे उपभोक्ता भी शामिल हैं जो प्रतिमाह 20,000 लीटर मुफ्त पानी की योजना का लाभ उठा रहे हैं। जल बोर्ड प्रतिदिन 905 एमजीडी (मिलियन गैलन प्रतिदिन) पानी की आपूर्ति करता है। इस लिहाज से देखें तो 407 एमजीडी पानी पर जल बोर्ड को राजस्व मिल पाता है। शेष 497 एमजीडी पानी जल बोर्ड के बिल के दायरे में नहीं है।

जल बोर्ड के अधिकारी कहते हैं कि 55 फीसद पानी बिल के दायरे में नहीं आने का एक कारण पाइपलाइन में रिसाव के चलते जल की बर्बादी तो है ही, लेकिन इससे बड़ा कारण पानी का अवैध दोहन है क्योंकि दिल्ली में लाखों लोगों ने अवैध तरीके से पानी का कनेक्शन ले रखा है। उनके घर पाइपलाइन से पानी पहुंचता है, लेकिन वे जल बोर्ड के उपभोक्ता नहीं हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली में 26.69 लाख परिवारों के घरों में नल से पानी पहुंचता है। उम्मीद है कि वर्तमान समय में यह संख्या और अधिक हो चुकी होगी क्योंकि वर्ष 2011 के बाद सैकड़ों अनधिकृत कॉलोनियों में पानी की पाइपलाइन पहुंच चुकी है। वर्तमान समय में जल बोर्ड के करीब 23.50 लाख उपभोक्ता है। अवैध कनेक्शन को अधिकृत करने के लिए जल बोर्ड ने योजना शुरू की है। शुल्क पर छूट देने से इस साल 90842 लोगों ने अवैध कनेक्शन को अधिकृत कनेक्शन में तब्दील कराया है। राष्ट्रीय सैंपल सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के शहरी क्षेत्र की 86 फीसद झुग्गियों में लोगों ने अवैध पानी का कनेक्शन ले रखा है।

जल बोर्ड का कहना है कि जल वितरण के प्रबंधन को दुरुस्त करने के लिए डिस्ट्रिक्ट मीटरिंग एरिया योजना पर काम किया जा रहा है। इसके लागू होने पर एक-एक बूंद का हिसाब रखा जा सकेगा।

**2016** की दिल्ली स्टैटिस्टिकल रिपोर्ट जारी की गई

**88,197** ऑटो रिक्शा चलते हैं दिल्ली में अभी

**1284** किमी सड़कों पर बनाई जा रही है बस लेन



# देश से 3 गुना ज्यादा कमाती है दिल्ली

## जल्दी ही एक करोड़ से ज्यादा हो सकती हैं गाड़ियां



■ वरिष्ठ संवाददाता, नई दिल्ली

साल 2015-16 में दिल्लीवालों की प्रति व्यक्ति आमदनी में 28,131 रुपये का इजाफा दर्ज किया गया है। दिल्लीवालों की इनकम 2,80,142 रुपये तक पहुंच गई है। जबकि नैशनल लेवल पर लोगों की औसत आमदनी केवल 93,293 रुपये की है। दिल्ली सरकार की स्टैटिस्टिकल हैंडबुक 2016 में यह आंकड़े सामने आए हैं।

### गाड़ियों की भरमार

ऑड ईवन के बावजूद दिल्ली में साल 2015-16 में 8.77 लाख गाड़ियां रजिस्टर्ड की गईं। इस तरह गाड़ियों की टोटल संख्या बढ़ कर 97.05 लाख तक पहुंच गई है। इनमें 29.87 लाख कारें और जीपें हैं। जबकि 61.04 लाख बाइक और स्कूटर रजिस्टर्ड हुए हैं। पल्यूशन और ट्रैफिक जाम की समस्या की एक बड़ी वजह गाड़ियों की भारी संख्या बताई जाती रही है। साल 2015-16 में सबसे ज्यादा 8.77 लाख नए वीकल का रजिस्ट्रेशन किया गया है। पिछले साल 2014-15 में 5.34 लाख गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया गया था। कुल गाड़ियां जल्दी ही एक करोड़ से ज्यादा हो सकती है।

### बसों के लिए अलग लेन

सूत्रों की मानें तो ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए सरकार नए साल से बस और सामान ढोने वाली गाड़ियों के लिए अलग-अलग लेन बनाने को लेकर सर्कुलर जारी करने पर विचार कर रही है। ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री के अनुसार पीडब्ल्यूडी की 1284 किलोमीटर सड़कों में से 50 पर्सेंट पर बस लेन की पहचान करने का काम पूरा हो चुका है। एक जनवरी से इसी लेन में डीटीसी की बसें चलेंगी। लेन सिस्टम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ-साथ ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की 10 एनफोर्समेंट टीम तैनात रहेंगी।

### पानी के कनेक्शन बढ़े

दिल्ली जल बोर्ड में पानी के मीटर लगवाने वालों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। साल 2014-15 में 18.63 लाख मीटर के कनेक्शन थे, 2015-16 में यह बढ़ कर 19.49 लाख तक पहुंच गए। पानी की खपत रोजाना 14,085 लाख किलोलीटर से बढ़कर 14,914 लाख किलोलीटर तक पहुंच गई है। हर दिन 48 गैलन पानी की प्रति व्यक्ति खपत है।




# टेक्निकल एजुकेशन की तरफ बढ़ा रुझान


■ प्रस, नई दिल्ली : एक साल में टेक्निनल एजुकेशन की तरफ स्टूडेंट्स का रुझान बढ़ता नजर आया है। आईटीआई, बीटीसी, आईटीसी, सीएसआई/बीबीएस, डब्ल्यूसीएससी, पॉलिटेक्निक, दिल्ली के इन टेक्निकल इंस्टिट्यूशन की तरफ स्टूडेंट्स का रुझान बढ़ा है। पिछले साल 6 इंस्टिट्यूट में 27622 स्टूडेंट्स थे, मगर 2015-16 सेशन के लिए 32250 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया। हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट्स में 1607579 स्टूडेंट्स ने एनरोल किया, यह नंबर पिछले साल 1117111 था। तीन प्रोफेशनल एजुकेशन कॉलेज भी इस एक साल के दौरान बढ़े हैं।

2015-16 में दिल्ली के 5796 स्कूलों में 44.31 लाख स्टूडेंट्स हैं। इनमें से सीनियर सेकंडरी लेवल में 23.56 लाख लड़के और 20.75 लाख लड़कियों का एनरोलमेंट हुआ। सीबीएसई बोर्ड मुकाबले में भी सीनियर सेकंडरी क्लास का परफॉर्मेंस सुधरा है। 2015 में पास पर्सेंटेज 86.13 था, 2016 में यह 87.01% है।

# ग्राहक बढ़े फिर भी कम खर्च हो रही बिजली

■ प्रस, नई दिल्ली : दिल्ली में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, तो दूसरी ओर बिजली की खपत में कमी आई है।

वित्तीय वर्ष 2014-15 में 50 लाख 44 हजार बिजली उपभोक्ता थे। इनकी संख्या 2015-16 में बढ़कर 52 लाख 63 हजार हो गई। इनमें 42 लाख 89 हजार घरेलू उपभोक्ता हैं, आठ लाख 71 हजार कमर्शल और 52 हजार 308 इंडस्ट्रियल कंस्यूमर हैं। बिजली की खपत करने वाले उपभोक्ताओं में बढ़ोतरी होने के बावजूद बिजली की खपत में कमी आई है। आंकड़ों से पता लगा है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में दिल्लीवालों ने 24 हजार 477 मिलियन यूनिट बिजली खर्च की गई। लेकिन अगले वित्तीय वर्ष में बिजली की मांग बढ़ने के बावजूद इसकी खपत में कमी आई। यह खपत 440 मिलियन यूनिट घटकर 2015-16 में 24 हजार 37 मिलियन यूनिट दर्ज की गई।



Log on to www.gst.gov.in

GST नामांकन की प्रक्रिया बेहद आसान है

☑ GST की कॉमन पोर्टल www.gst.gov.in पर लॉगऑन करें।
☑ वैट डिपार्टमेंट द्वारा प्राप्त प्रोविजिनल आईडी और पासवर्ड की मदद से अपना यूनिक यूज़रनेम और पासवर्ड बनाएं।
☑ एनरोलमेंट एप्लीकेशन भरें।
☑ इलेक्ट्रॉनिक रूप से एनरोलमेंट एप्लीकेशन पर हस्ताक्षर करें।
☑ आवश्यक दस्तावेजों के साथ एनरोलमेंट एप्लीकेशन सबमिट करें।

नामांकन संबंधित जानकारी के लिए www.dvat.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध यूजर गाइड और FAQ जरूर पढ़ें।

हेल्पलाइन नं-155055



मनीष सिसोदिया (उप मुख्यमंत्री, दिल्ली)

नोट: यदि किसी वैट रजिस्टर्ड व्यापारी को प्रोविसिनल आईडी और पासवर्ड प्राप्त नहीं हुआ तो, विभाग से संपर्क करे।

दिल्ली सरकार

व्यापार एवं कर विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

दिल्ली सरकार

# ओरल पिल्स में कमी, कॉन्डम का यूज बढ़ा

Rahul.Anand@timesgroup.com

■ नई दिल्ली : पिछले चार सालों से दिल्ली में प्रेग्नेंसी से बचने और सेफ सेक्स के लिए कॉन्डम के इस्तेमाल में बढ़ोतरी हुई है, जबकि ओरल पिल्स के इस्तेमाल में कमी आ रही है।



जानकारों का कहना है कि कॉन्डम को लेकर झिझक दूर होने की वजह से इसका इस्तेमाल बढ़ा है। इसकी वजह ओरल पिल्स के साइड इफेक्ट भी मानी जा रही है। एनुअल रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2012 से लगातार ओरल पिल्स के इस्तेमाल में कमी आ रही है। साल 2012-13 में 213992 ओरल पिल्स के इस्तेमाल का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। साल 2013-14 में घट कर 207872, जबकि साल 2014-15 में यह आंकड़ा घटकर 196354 रह गया। इस साल और कम हो गया। अब साल 2015-16 में केवल 185499 ओरल पिल्स के इस्तेमाल का रिकॉर्ड दर्ज किया गया है, जबकि कॉन्डम के इस्तेमाल में पिछले साल की तुलना में इजाफा हो रहा है। साल 2013-14 केवल 5373 का ही रिकॉर्ड दर्ज किया गया था, जो साल 2014-15 में काफी कम होकर केवल 3990 हो गया था, लेकिन 2015-16 में तेजी से बढ़ा और 5709 तक पहुंच गया है।

साल 2013-14 में पुरुषों में नसबंदी के केवल 1401 मामले दर्ज किए गए थे, लेकिन साल 2014-15 में यह बढ़ कर 811 तक पहुंच गया, जबकि साल 2015-16 में यह बढ़ कर 901 तक पहुंच गया। वहीं दूसरी ओर महिलाओं में नसबंदी कराने का चलन कम हो रहा है। साल 2013-14 में 17780 मामले दर्ज किए गए थे, जो साल 2014-15 में कम होकर 16647 हो गया और साल 2015-16 में 16482 हो गया।

**48,131** बेड वाले 1,131 हेल्थ संस्थान थे 2015 दिसंबर तक

| | | | |
|---|---|---|---|
| **225** मैटरनिटी सेंटर | **716** एलोपैथी डिस्पेंसरीज | **261** आयुर्वेदिक/यूनानी डिस्पेंसरीज | **164** होम्योपैथी डिस्पेंसरीज |

**5,796** स्कूल थे पिछले अकैडेमिक सेशन तक

| | | |
|---|---|---|
| **44.31** लाख स्टूडेंट थे इन स्कूलों में | **23.56** लाख लड़के | **20.75** लाख लड़कियां |

**4.08** लाख लोगों को सीनियर सिटिजन पेंशन

**1.74** लाख लड़कियों को लाडली योजना से मदद

**65,070** दिव्यांग लोगों को भी मिली वित्तीय मदद

## दिल्ली में 4.79 करोड़ मोबाइल

■ वस, नई दिल्ली : पिछले पौने दो करोड़ की आबादी वाले दिल्ली शहर के लोग कुल 4.79 करोड़ मोबाइल फोन इस्तेमाल करते हैं। दिल्ली सरकार के अनुअल रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर 2014 तक कुल मोबाइल फोन की संख्या 4.54 करोड़ थी। वहीं दिसंबर 2015 तक कुल संख्या 4.79 करोड़ तक पहुंच गया। एक साल में 25 लाख नए मोबाइल फोन की संख्या बढ़ी है। वहीं लैंडलाइन फोन की संख्या में 24 हजार की बढ़ोतरी हुई है। दिसंबर 2014 तक दिल्ली में कुल लैंडलाइन फोन की संख्या 31.23 लाख था तो वहीं दिसंबर 2015 तक लैंडलाइन फोन की संख्या बढ़कर 31.57 लाख पहुंच गई। इससे साफ है कि दिल्ली में अभी भी लैंडलाइन फोन की लोकप्रियता कम नहीं हुई है।

ट्विटर पर फॉलो करें
@NBTDilli

सिंधी अकादमी, दिल्ली
पारां आयोजित

سنڌي اڪادمي
پُرسڪار سمارو

सिंधी अकादमी
पुरस्कार
समारोह

मुख्य मेहमान
श्री कपिल मिश्रा
माननीय कला एवं संस्कृति मंत्री, दिल्ली सरकार

सदारत
श्री जी. गेहाणी
वाईस चेअरमैन, सिंधी अकादमी

30 डिसेम्बर, 2016 शाम जो 6:00 बजे
जगह : कमानी आडिटोरियम, 1, कॉपरनिकस मार्ग, मण्डी हाउस, नई दिल्ली–110 001

आजीवन योगदान लाइ पुरुस्कार

सिंधी साहित्य में योगदान लाइ

सिंधी कला में योगदान लाइ



डॉ.मुरलीधर जैतली



श्री लछमण भाटिया 'कोमल'



श्री मेठाराम धर्माणी

सिंधी ब़ाल साहित्य जे खेत्र में
योगदान लाइ पुरुस्कार
डॉ.उषा सारसवत
सिंधी साहित्य जे नसुर वारे खेत्र में
योगदान लाइ पुरुस्कार
सुश्री वीणा श्रृंगी
सिंधी ब़ोलीअ जे वाधारे ऐं मौसिकीअ में
योगदान लाइ पुरुस्कार
सुश्री पुष्पा भावनाणी

सांस्कृतिक प्रोग्राम : सिंधी नृत्य नाटिका
सिंधू धारा
हिदायतकार ऐं मुख्य अदाकार : श्रीमती अनीला सुंदर, मुम्बई
लेखक : मोहन गेहाणी
संगीत : घनश्याम वासवाणी

सभिनी खे कुर्बाइती कोठ डि़जे थी।